Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up Integrated Check Posts at Kakrahwa and Barhani in Uttar Pradesh near India-Nepal border.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय सभापति महोदय, भारत और नेपाल 1850 किलोमीटर की स्थलीय सीमा साझा करते हैं और भारत परम्परागत रूप से नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है । सन् 2009 में, भारत और नेपाल की संयुक्त पहल के कारण दो देशों के बीच व्यापार और पारगमन को आसान बनाने के लिए नेपाल में बिहार सीमा के साथ बीरगंज और बिराटनगर में पहली एकीकृत चेक पोस्ट का निर्माण किया गया था । आज भारत व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार सहित अपने पड़ोसी देशों के साथ 13 ICP का निर्माण भी कर रहा है । वर्तमान में, नेपाल और भारत के बीच अधिकांश सीमा बिन्दुओं पर सीमा शुल्क से संबंधित कार्यालय विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं । इससे जरूरी कागजी कार्रवाई समय पर पूरा करने में दिक्कत हो रही है । अत: मैं सरकार से बौद्ध सर्किट के मार्ग में व्यापार सुविधाओं को आसान बनाने के लिए ककरहवा सीमा और बरहनी पर इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट बनाने का अनुरोध करना चाहता हूँ । इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद होगी । इसके साथ ही, दोनों ओर के व्यापारी कम लागत पर वस्तुओं का आयात और निर्यात कर पाएंगे ।